वर्ष-01, अंक-153
छपरा
गुरूवार 4 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

पीएम के दौरे से पहले बिहार में गरमाई सियासत:

# रविशंकर प्रसाद ने पूछा-विपक्ष का एजेंडा क्या है, तेजस्वी बोले- NDA में सबसे ज्यादा परिवारवाद




**पटना,एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी पहली बार 4 अप्रैल को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। जमुई संसदीय क्षेत्र से पीएम मोदी चुनावी शंखनाद करेंगे। इससे पहले बिहार में सियासत गरमा गई है। एक ओर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पीएम पर हमलावर हैं तो दूसरी तरफ पटना साहिब से बीजेपी उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद विरोधियों पर सवाल खड़ा करते हुए पूछा कि इंडी गठबंधन का एजेंडा क्या है।रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि एनडीए का एजेंडा स्पष्ट है। पीएम का कहना है बिना बिहार के विकास का देश का विकास नहीं हो सकता। पीएम ने पिछले दिनों 85 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।उन्होंने इंडी एलायंस से पूछा कि बिहार के विकास का उनका एजेंडा क्या है? इंडी गठबंधन के पास मोदी का विरोध ही एकमात्र एजेंडा है। महागठबंधन के एजेंडे में सिर्फ खास जाति के लोग क्यों हैं? उनकी सरकार में खास जाति के इलाकों में ही सड़क बनते थे। एनडीए सरकार में हर जगह समावेशी विकास हो रहा है।

**पीएम मोदी की यात्रा से पहले तेजस्वी हुए मुखर :** पूर्णिया रवाना होने से पहले तेजस्वी यादव ने जांच एजेंसियों पर फिर से सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी में जितने नेता गए, जांच एजेंसियों ने उन सबके केस क्लोज कर दिए। 70 हजार करोड़ का घोटाला किया हो, वह BJP में जाने के बाद मंत्री बन जाता है।

हमारा अपना दल है, अपना गठबंधन है, हम अपने प्रत्याशी के लिए पूर्णिया जा रहे हैं और हमें पूरा विश्वास है कि बीमा भारती भारी मतों से जीतेंगी। बिहार का रिजल्ट चौंकाने वाला होगा।

## 7 अप्रैल को सुबह 11 बजे नवादा पहुंचेंगे पीएम मोदी

अधिकारियों ने स्थल का लिया जायजा, 3 लाख लोगों के आने का अनुमान



**नवादा,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 अप्रैल को नवादा पहुंच रहे है। नवादा-नारदीगंज रोड स्थित कुंती नगर में पीएम मोदी भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के लिए जनसभा को संबोधित करेंगे। यह दूसरा अवसर है, जब प्रधानमंत्री नवादा पहुंच कर लोगों को संबोधित करेंगे। इसके पहले 2014 में चुनावी सभा करने नवादा आए थे। बुधवार को मगध व जिला के तमाम अधिकारी स्थल पर जायजा लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कई दिशा निर्देश दिया गया।

वहीं पीएम के दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा हुआ है। दिन के 11 बजे वह कुंती नगर के मैदान में आएंगे। सभा में 3 लाख लोगों की भीड़ जुटने का अनुमान है। जिला अध्यक्ष सहित तमाम नेता लगातार लोगों से सभा में शामिल होने के लिए अपील कर रहे है।

## बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को कैंसर

कहा- 6 महीने से इससे लड़ रहा, पीएम को बता दिया है, प्रचार नहीं कर पाऊंगा



**पटना,एजेन्सी।** बिहार के पूर्व डिप्टी ष्टरू सुशील मोदी कैंसर की बीमारी से लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा- पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। क्करूको सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित।

सुशील मोदी पर BJP सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह जानकर मुझे बहुत पीड़ा हुई है। मैं उनके स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रविशंकर प्रसाद ने कहा की चुनाव प्रचार में उनकी कमी खलेगी। वहीं, सुशील मोदी को कैंसर की खबर सुन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने हैरानी जताई है। उन्होंने मोदी के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की है। दरअसल, सुशील मोदी गले के कैंसर से पीड़ित हैं। 3 महीने पहले गले में दर्द की शिकायत पर जांच कराई तो कैंसर का पता चला। वे दिल्ली एम्स में इलाज करवा रहे थे। बुधवार की शाम सुशील मोदी दिल्ली से पटना पहुंच गए हैं।

## संजय सिंह 6 महीने बाद तिहाड़ जेल से रिहा

बोले-आप आंदोलन की कोख से जन्मी; हम किसी से डरने वाले नहीं



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 6 महीने बाद आज रात 8.15 बजे तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हो गए। जेल से निकलकर उन्होंने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। इसके बाद वह सीधे अरविंद केजरीवाल के घर गए। संजय ने अरविंद की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की, उनके पैर छुए।इसके बाद संजय करीब 10.15 बजे आप पार्टी के ऑफिस पहुंचे। यहां गोपाल राय ने संजय को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। फिर संजय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (2 अप्रैल) को उन्हें दिल्ली शराब नीति केस में जमानत दी थी। लीगल प्रोसेस की वजह से कल रिहाई नहीं हो पाई थी। संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह जमानत की प्रक्रिया पूरा करने के लिए बुधवार को राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट ने 2 लाख रुपए के जमानती बॉन्ड और इतने ही अमाउंट की सिक्योरिटी पर जमानत दे दी। संजय सिंह की पत्नी ने बॉन्ड भरा।

कोर्ट ने संजय सिंह की जमानत के लिए तीन शर्तें रखीं। पहला- वे जेल से बाहर जाकर आबकारी नीति केस से जुड़ी कोई बयानबाजी नहीं करेंगे। दूसरा- अपना पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। दिल्ली से बाहर जाने पर जांच एजेंसी को बताएंगे और अपनी लाइव लोकेशन शेयर करेंगे।

## चिराग के 22 नेताओं का पार्टी से इस्तीफा

संगठन सचिव ने कहा-गद्दारों को टिकट दिया; लिस्ट में शामिल प्रवक्ता विनित बोले-मैं पार्टी के साथ

**पटना,एजेन्सी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को बड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद अरुण कुमार के बाद 22 नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसमें पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेणु कुशवाहा, प्रदेश प्रवक्ता प्रो. विनित सिंह, राष्ट्रीय महासचिव सतीश कुमार, प्रदेश संगठन सचिव ई. रविन्द्र सिंह समेत प्रदेश उपाध्यक्ष और महासचिव भी शामिल हैं। ये सभी नेता टिकट बंटवारे से नाराज हैं।



नाराज नेताओं ने एक सूची जारी की, जिसमें प्रो. विनित सिंह भी शामिल हैं। हालांकि, प्रो. विनित सिंह ने इस्तीफे की खबर को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि लोजपा( आर) में कोई भी निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से होता है। पार्टी के प्रत्याशियों की घोषणा के बाद कई नेता नाखुश हैं।

उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने वाले नेताओं की सूची में मेरा भी नाम है। यह देखकर मैं हैरान हूं कि इसमें मेरा भी नाम है। मैं अपने पद पर आज भी बना हुआ हूं। मैंने इस्तीफा नहीं दिया है। मैं अपनी पार्टी में मजबूती के साथ हूं।

**गद्दारों को दिया गया टिकट :** इस्तीफा देने वालों में शामिल ई. रविन्द्र सिंह ने कहा कि हम लोगों के साथ पूरी तरीके से खेल हुआ है। पार्लियामेंट बोर्ड की ओर से दो-दो नाम मांगा गया गया, जिसमें एक को टिकट मिला था। हमेशा आश्वासन मिलता रहा कि कार्यकर्ताओं को ही टिकट देंगे, लेकिन उन्होंने गद्दारों को टिकट दे दिया।

**पैसा फर्स्ट और परिवार फर्स्ट :** पार्टी के नेताओं ने कहा कि अशोक चौधरी, जिनके खिलाफ हम लोगों ने काम किया, उनकी बेटी को टिकट दे दिया गया। एक तस्कर जिसके ऊपर ईडी और आईटी का छापा पड़ा है। उसको भी टिकट दिया गया है। चिराग पासवान को लेकर सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि पैसा फर्स्ट और परिवार फर्स्ट।

**सोशल मीडिया पर टिकट बेचवा ट्रेंड कर रहा है:** उन्होंने आगे कहा कि हम लोग अलग पार्टी नहीं बनाएंगे। सोशल मीडिया पर लोगों की टिप्पणियों से बेहद आहत महसूस कर रहा हूं। कोई लिख रहा है कि 30 करोड़ में वैशाली सीट बेच दी गई तो कोई कह रहा है कि 40 करोड़ में टिकट बेचा गया। सोशल मीडिया पर टिकट बेचवा ट्रेंड देखा तो सिर शर्म से झुक गया। पार्टी के कार्यकर्ता भी मुझसे लगातार पूछ रहे हैं कि क्या 30 से 40 करोड़ रुपए में टिकट बेचा गया है। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि मैं क्या जवाब दूं।

### इन नेताओं ने दिया इस्तीफा

- रेणु कुशवाहा, पूर्व मंत्री पूर्व लोकसभा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
- सतीश कुमार, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव
- ई. रविन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन सचिव
- अजय कुशवाहा, मुख्य पार्टी विस्तारक
- संजय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष
- राजेश डांगी, प्रदेश महासचिव
- डॉ. सुधीर प्र यादव, कला संस्कृति एवं क्रीड़ा खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष
- डॉ. अजय कु यादव, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष
- प्रो. विनित सिंह, प्रदेश प्रवक्ता
- रंजन पासवान, प्रदेश सचिव
- अवध बिहारी कुशवाहा, प्रदेश सचिव
- संजय लाल, प्रदेश सचिव
- बिपिन पटेल, प्रदेश सचिव
- शंभू पहाड़िया, प्रदेश महासचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ
- शैलेन्द्र कुमार, राज्य किसान प्रकोष्ठ
- अशोक मंडल, राज्य उपाध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ
- अजीत कुशवाहा, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ
- राज सिन्हा, प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ
- अभिनव पटेल, सचिव प्रदेश युवा प्रकोष्ठ
- सुरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, राज्य उपाध्यक्ष, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ
- चितरंजन कुमार, प्रदेश महासचिव
- रंजीत कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष

## केजरीवाल की गिरफ्तारी-रिमांड पर फैसला सुरक्षित

ED ने हाईकोर्ट से कहा- अंधेरे में तीर नहीं चलाया; वॉट्सऐप चैट-हवाला ऑपरेटर्स के बयान हैं

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अदालत में सुनवाई चल रही है। केजरीवाल की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी और एडवोकेट विक्रम चौधरी मौजूद हैं। श्वष्ठ की तरफ से स्त्र एसवी राजू ने पैरवी की। सिंघवी ने कहा- लेवल प्लेइंग को ध्यान में रखते हुए यह बहुत इम्पॉर्टेंट केस है। इसमें स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव शामिल हैं, जो लोकतंत्र का हिस्सा है। इससे हमारा मूलभूत ढांचा बनता है। केजरीवाल की गिरफ्तारी से यह निश्चित हो गया है कि वो लोकतांत्रिक गतिविधियों में नहीं शामिल हो पाएंगे। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि पहला समन अक्टूबर 2023 को भेजा गया और गिरफ्तारी 21 मार्च को हुई। इससे दुर्भावना की बू आती है और इससे हमारे मूलभूत ढांचे को नुकसान पहुंच रहा है। मैं यहां राजनीति की नहीं, बल्कि कानून की बात कर रहा हूं।



# रूडी ने कहा- हवा में मैं विमान भी उड़ाता हूं और धरती पर राजनीति भी करता हूं, इसमें कंफ्यूजन कहां है

### अब भगवान राम अयोध्या में आ गये हैं, चुनाव में जनता तय करेगी की आशीर्वाद किसको देना हैं- रुडी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** जो लोग यह कहते हैं कि मैं हवा का नेता हूं तो दुनिया का मैं इकलौता सांसद हूं जो बड़े विमानों का कप्तान हूं और लंबी दूरी का विमान उड़ाता है। मै हवा में भी हूं और धरती पर भी हूं। हवा में मै विमान उड़ाता हूं और धरती पर राजनीति करता हूं, इसमें कंफ्यूजन कहा है। उक्त बाते पूर्व केंद्रीय मंत्री, निवर्तमान सांसद व सारण से बीजेपी के उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी ने कही। रूडी ने कहा कि वे पढ़ाते भी है और वकालत भी करते है। वे किसान भी है और खेती भी करते है। वुधवार को राजीव प्रताप रूडी भाजपा राज्य कार्यसमिति के सदस्य मनोज सिंह के मढ़ौरा आवास पर आयोजित कार्यकर्ता बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। सारण लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी ने पत्रकारों के सवाल का जबाब देते हुए उक्त बातें कही। राजद सुप्रीमों लालू यादव का नाम लिये वगैर कहा कि एक परिवार में दो मुख्यमंत्री कहीं भी नहीं हुआ है। लालू प्रसाद और राबड़ी देवी दोनों बिहार के मुख्यमंत्री रहे है। सारण से राजद के उम्मीदवार डॉ रोहिणी आचार्य को लेकर कहा कि वह बेटी हैं। वे बेटी का सम्मान करते हैं और बेटी के सभी बात का जबाब नहीं दिया जाता है। उनके पिताजी अगर प्रश्न करते तो उन्हें जबाब दिया जाता। उनसे चुनाव उनके पिता लालू प्रसाद भी लड़े हैं उनकी मां भी लड़ी है। वे तो राजा हैं ।लेकिन भगवान राम अयोध्या में आ गये हैं और सभी को भगवान के शरण में जाना होगा। चुनाव को लेकर कहा कि चुनाव में जनता तय करेगी कि आशीर्वाद किसको देना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर घर घुमकर सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराने को कहा। कहा कि एक-एक वोट भाजपा के पक्ष में देकर एकबार फिर से नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए उनके हाथ को मजबूत करना है। इससे पूर्व भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नीतू सिंह ने अंगवस्त्र और तिलक लगाकर निवर्तमान सांसद का स्वागत किया। इस अवसर पर भावलपुर के पूर्व मुखिया सुरेश सिंह ने पगड़ी एवं तलवार भेंट कर उन्हे सम्मानित किया। इस दौरान अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह मन्टू, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज सिंह, जिला परिषद् सदस्य मीना अरुण, शंभु प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, दीपक सिंह, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में ललन जायसवाल,पप्पू सिंह, गामा सिंह, धंनजय सिंह, श्यामनंदन विद्रोही, मुकेश सिंह, तेजनरायण सिंह, बलबीर सिंह, राकेश उजाला, मिठू महतो, अनिल ठाकुर, सिकंदर राय, विवेकानंद सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## महाराजगंज की जनता के सपने को पूरा किया जाएगा, अभी हमारी विकास की यात्रा पूरा नहीं हुई है : जनार्दन सिंह सिग्रीवाल




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मुझे महाराजगंज की जनता ने बहुत स्नेह दिया है, जिसके स्नेह और प्रेम के कारण पार्टी ने मुझे फिर से महाराजगंज लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। मैं महाराजगंज की जनता को कोटि-कोटि नमन करता हूँ और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी को धन्यवाद देता हूँ। उक्त बातें महाराजगंज लोकसभा से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने जलालपुर में एनडीए की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। एनडीए प्रत्याशी घोषित होने के बाद बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि दस वर्षो में मैंने जितना विकास करना था, उतना विकास क्षेत्र में किया, लेकिन अभी विकास की यात्रा पूरी नहीं हुई है। महाराजगंज की जनता के सपने को पूरा करना है। यदि महाराजगंज की जनता का आशिर्वाद मिला तो अगले पाँच वर्षो मे उनके सपने को जरूर पूरा करूँगा। जिस प्रकार विकसित भारत बनेगा, उसी प्रकार महाराजगंज भी विकसित लोकसभा बनेगा। मैने दस वर्षो में बिना भेद-भाव, जातिवाद किए निःस्वार्थ भाव से महाराजगंज की 90 प्रतिशत गाँवो में योजना दिया है और बाकी गाँवो में भी विकास होगा। हर घर बिजली पहुँचाने की कोशिश किया है। हर खेत तक बिजली पहुंचेगी। बैठक की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने की तथा संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने किया।बैठक में मंगल पाण्डेय स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री बिहार सरकार, तरैया विधायक जनक सिंह, लोकसभा प्रभारी शशी रंजन, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, गोरेयाकोठी विधायक देवेश कान्त, पूर्व विधायक ज्ञानचंद माँझी, राम दयाल शर्मा प्रदेश प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ, भाजपा जिला प्रभारी अनुप श्रीवास्तव, बैजनाथ प्रसाद सिंह विकल, लोजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह, दिनेश सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष जदयू, प्रियन्का सिंह उपाध्यक्ष जिला परिषद, महादेव पासवान लोजपा जिलाध्यक्ष सीवान, प्रो अरूण कुमार सिंह, उमेश तिवारी, लगन देव तिवारी, महेश सिंह, जिला महामंत्री शत्रुघ्न भगत, धर्मेन्द्र साह, श्याम बिहारी अग्रवाल, शान्तनु कुमार, अमरजीत सिंह, अनीष सिंह, रंजीत प्रसाद, अजीत सिंह, रामा कान्त सिंह डब्लू, रोशन सिंह, पूर्देन्दू सिंह, कुमकुम जी महिला जिलाध्यक्ष सारण, सुप्रिया जायसवाल, रजनी रंजन महिला जिलाध्यक्ष सीवान, रामाशंकर मिश्र शांडिल्य, गुड्डु चौधरी सहित एनडीए नेता, पदाधिकारी गण थे।

## परसा में भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रुडी ने किया रोड शो, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सारण से लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने प्रखंड क्षेत्र के दरोगा राय चौक से खलीफा राय चौक, मस्तिचक तक रोड शो किया और लोगो को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। सारण के सांसद राजीव प्रताप रुडी ने कहा कि देश में पीएम मोदी की गारंटी और सारण में राजीव प्रताप की गारंटी से कार्यकर्ताओं में उत्साह है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर मुझ पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया है।सूबे की 40 सीटों पर एनडीए विजयी होगी और भाजपा देश में 400 के पार लक्ष्य को हासिल करेगी।इस दौरान पूर्व जिप अध्यक्ष मीना अरुण,अमनौर विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह, पूर्व प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह, भाजपा नेता, जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह, अर्जुन सिंह, विकास कुमार सिंह,भूलन सिंह, संजय चौबे,अविनाश कुमार सिंह,सरोज सिंह, अजयनाथ पूरी,जितेंद्र गिरी,सुमंत बाबा,शैलेश गिरी,सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।



## रोड शो में राजद कार्यकर्ताओं ने रोहिणी आचार्य का फूल- माला से जगह-जगह किया स्वागत

### रोहणी ने कहा - सारण पिता की कर्मभूमि रही है, इस विरासत को संभालने आई हूं

**दैनिक खोज खबर/नगरा/मढ़ौरा (सारण)।** सारण संसदीय क्षेत्र के राजद प्रत्याशी आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र सारण में चुनाव प्रचार का रोड शो करते छपरा से कृष्णा चौक, तुजारपूर , पटेढ़ा पहुंची जहां हजारों राजद कार्यकर्ताओं ने रोहिणी के रोड शो में उनका जगह जगह फूल माला पहनाकर स्वागत किया.वहीं गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर लोगो से मिलते हुए मढ़ौरा के लिए रवाना हो गई।

वहीं स्थानीय क्षेत्र के इसरौली, मिर्जापुर, तेजपुरवां, शिवगंज, शिल्हौड़ी, अम्बेदकर चौक, मढ़ौरा बाजार, गढ़देवी चौक, कर्णपुरा, नौतन आदि स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओ ने जोरदार तरीके से राजद उम्मीदवार का स्वागत किया?। जगह जगह पर कार्यकर्ताओ ने ठोल बाजे सिंधा, बैण्ड और फूल, माला से डा.रोहणी आचार्या का स्वागत किया गया। पिछले दो दिन की रोड शो में सारण में मिल रही समर्थन के लिए डा.रोहिणी आचार्य ने सारण की जनता को धन्यवाद दिया। कहा कि अपनी बेटी को लोग इतना प्यार आशीर्वाद दे रहे है, उसका वह सम्मान याद रखेगी। इस दौरान रोहिणी आचार्या ने शिल्हौड़ी शिव मंदिर,मढ़ौरा नगर गढ़देवी मंदिर पहुंची और आशीर्वाद प्राप्त किया। रोड शो के दौरान साथ रहे पूर्व मंत्री स्थानीय विधायक जितेन्द्र कुमार राय ने कहा कि रोहिणी आचार्य को सारण की जनता ने यहां बुलाया है और यहां से विजयी बनाकर वे संसद में भेजेगे। यहां आपको बता दें की सारण से रोहिणी आचार्य आरजेडी प्रत्याशी हैंइस सीट पर रोहिणी की टक्कर बीजेपी प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी से है।

## रोहिणी के रोड शो में भीड़ का फायदा उठाकर पॉकेटमारो ने बनाया पत्रकार, मुखिया व अन्य लोगों को निशाना

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को छपरा संसदीय क्षेत्र के राजद प्रत्याशी डॉक्टर रोहिणी आचार्य के रोड शो में पॉकेटमारो ने पत्रकार, मुखिया एवं अन्य को अपना निशाना बनायाप्राप्त जानकारी अनुसार खैरा के कृष्णा चौक से लेकर के पटेढा तक रोड शो में॰हर जगह भीड़ थी खास करके कृष्णा चौक, फूटानी मोर एवं पटेढा गढ़ देवी स्थान के पास और इसी बीच पटेढा गढ़ देवी स्थान के पास से पत्रकार अयूब रजा के पॉकेट से ? 1500/- तुजारपुर मुखिया अमित कुमार के पॉकेट से रु.1200/- रुपए एक अन्य व्यक्ति के पॉकेट से 22000/- ,कोरेया पंचायत के मुखिया ललित प्रसाद यादव का 1900/- रूपये तथा एक अन्य व्यक्ति का पचास हजार रुपए भीड़ भाड़ का मौका का फायदा उठाकर रूपये आसानी से पॉकेट से पॉकेट मारकर चलते बने. वही ये सब घटना की जानकारी मिलते ही रोड में शो ने सभी सतर्क हो गए.तब तक पॉकेट मारो द्वारा लाखो रुपए पर हाथ साफ कर निकल लिए।

## आग लगने से दो परिवारों की लाखों की संपत्ति नष्ट, गाय व पशुपालक झुलसे

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** चूल्हे से निकली चिंगारी से बुधवार को एकमा थाना क्षेत्र के बेतवनिया गांव के हरिवंश गिरी के झोपड़ीनुमा पशुशाला में अचानक आग लग गयी। इस संबंध में गांव के लोगों ने बताया कि आग बुझाने व गाय को बचाने के दौरान गृहस्वामी के पुत्र विकेश गिरि ( 30 ) झुलस गया। वहीं आग से गाय भी झुलस गयी। दिन में पछुआ हवा तेज होने से आग की लपटें गांव के पड़ोसी लालमन साह के झोपड़ीनुमा घर को अपने चपेट में ले लिया। आगलगी की घटना में दो परिवारों के लाखों रूपये की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी है। गांव के लोगों ने अग्निशमन के सहयोग से किसी तरह आग काबू पाया। तत्पश्चात परिजनों ने गांव वालों के सहयोग से आग से झुलसे विकेश गिरि को निजी वाहन से लाकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.गुंजन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से झुलसे विकेश गिरि को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां विकेश गिरि का उपचार हो रहा है। बताया जाता है कि आग से झुलसी गाय का उपचार गांव के लोगों के द्वारा पशु चिकित्सक से कराया जा रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि आगलगी में दोनो परिवारों के लाखों रूपये की सम्पत्ति जलकर नष्ट हो गयी है।

## सोशल मीडिया में हथियार प्रदर्शन करने वाला एक युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के सितलपुर कोठी गांव के एक युवक सोशल मीडिया के व्हाट्सएप्प पर अलग अलग अंदाज में अपने हाथ मे देशी पिस्टल लेकर प्रदर्शन कर जनता में खौफ पैदा कर रहे थे, जिस पर स्थानीय पुलिस ने उक्त प्रदर्शित फोटो को सत्यापन कराने के उपरांत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक सितलपुर कोठी गांव निवासी नीरज पांडेय के पुत्र सचिन कुमार है, जिन्हें पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खैरा पुलिस ने पांच शराबी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नगरा(सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के तकिया गांव से खैरा पुलिस ने पांच शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दियाउक्त पांचों शराबी छोटा तकिया गांव निवासी संजीवन मांझी उर्फ बुलाई मांझी , प्रभु राय,प्रेम राय ,सुरेंद्र राय ,धीरज राय शामिल हैवहीं इस संबंध में खैरा अपर थानाध्यक्ष अंजली प्रकाश ने बताया की उक्त सभी शराबी एक ही गांव के निवासी है सभी शराब के नशे में थेशराब पीने की पुष्टि होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है.

## पांच लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**नगरा(सारण)।** खैरा थाना क्षेत्र के महम्माद पट्टी से खैरा पुलिस ने पांच लीटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. उक्त गिरफ्तार धंधेबाज देव बहुआरा गांव निवासी सुरेश नट बताया जाता हैवहीं इस संबंध ने अपर थानाध्यक्ष अंजली प्रकाश ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करवाई की गई हैगिरफ्तार धंधेबाज के पास से पांच लीटर शराब बरामद किया गया है तथा धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

## शिक्षकों के मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मांगों से शिक्षा मंत्री को कराया अवगत



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी भाजपा डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से मिलकर शिक्षकों के मूलभूत मांगों को उनके समक्ष रखा। डॉ सिंह ने बताया कि शिक्षा मंत्री से मिलकर शिक्षकों के विद्यालय आने और जाने का समय जो मुख्यमंत्री के द्वारा सदन में घोषित है, उसको ध्यान में आकृष्ट कराया। साथ ही गर्मी की छुट्टी एवं हिंदू त्योहारों पर दी जा रही छुट्टियां में कटौती का भी ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि यह शिक्षकों का जायज मांग है। इस पर विचार करने की आवश्यकता है।बिहार के लगभग सभी उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति हो गई चुकी है, जिनको उनके विद्यालय के उच्च माध्यमिक विद्यालयों का प्रभारी बनाने की भी बात शिक्षा मंत्री से कहा। शिक्षकों के बहुप्रतिक्षित मांग ऐक्षिक स्थानांतरण के मांग पर भी शिक्षा मंत्री से वार्ता की ।इन सारे मांगों पर शिक्षा मंत्री ने सहानुभूति पूर्वक न्यायोचित विचार करने की बात कही।

## डीईओ कार्यालय के प्रधान लिपिक के साथ साइबर ठगी का हुआ असफल प्रयास

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय के प्रधान लिपिक वीरेंद्र कुमार को साइबर ठगों ने मंगलवार को ठगने का असफल प्रयास किया। हालांकि मोबाइल पर आए कॉल के बात चीत को भापते हुए प्रधान लिपिक ने पहले ही समझ लिया कि यह साइबर ठग का कॉल है। ऐसे में सावधानीपूर्वक साइबर ठगो से उन्होंने बात शुरू की। साइबर ठगो ने सीधे पूछा की क्या आप वीरेंद्र कुमार बोल रहे हैं। क्या आपकी बेटी बेंगलुरु में रहती है। प्रधान लिपिक ने जब हां में जवाब दिया तो तत्काल ही साइबर ठगो ने कह दिया कि ड्रग्स के एक मामले में आपकी बेटी हमारे कब्जे में है। आगे बताइए क्या करना है। फिर प्रधान लिपिक ने मजा लेते हुए कहा कि जब आपके कब्जे में ही है तो थोड़ा इंतजार कर लीजिए। मैं सोच कर बताता हूं । हालांकि इसके बाद साइबर ठगों ने दोबारा कॉल नहीं किया। वैसे प्रधान लिपिक ने तत्काल अपनी बेटी को फोन लगाया और हाल-चाल लिया तो सब कुछ सामान्य था।

## मारपीट की घटनाओं मे 13 लोग घायल

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में आठ महिलाओं समेत 13 लोग घायल हो गए। घायलों में एकमा गांव की मुन्नी कुमारी, एकमा भट्टटोली गांव के रफी कुमार, हुस्सेपुर टोले रामनगर गांव के विशाल कुमार यादव, रामपुर गांव की खुशबू कुमारी, भोदसा टोला गांव की उषा देवी, शिल्पी कुमारी, छोटी कुमारी, अतरसन गांव की शीला देवी,कैलान गांव की शकील खान, मुबारकपुर टोले रेवल गांव की पन्ना देवी, कलावती देवी, संजीत यादव व जवाहर यादव शामिल हैं.सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। बताया जाता है कि घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है?

# 52वी सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचा बिहार

### बिहार का पदक हुआ पक्का, बिहार टीम में सारण के भी खिलाड़ी शामिल, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में बिहार हैंडबॉल संघ एवम बेगुसराय जिला हैंडबॉल द्वारा बेगुसराय में आयोजित 52 वी सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर आयोजन का जायजा लिया। चौथे दिन क्वार्टर फाइनल मैच में बिहार ने हरियाणा को 26- 12 गोल के अंतर से , दिल्ली ने चंडीगढ़ को 36- 23 से , मध्यप्रदेश ने हिमाचल प्रदेश को 36- 31 से जबकि झारखंड ने गुजरात को 29- 14 गोल के अंतर से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बुधवार के देर शाम पहले सेमीफाइनल में दिल्ली मध्यप्रदेश से तो दूसरे सेमीफाइनल में बिहार झारखंड पहली बार आमने सामने होंगे। सीनियर पुरुष वर्ग में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बिहार टीम पहली बार पदक तक पहुंची है। बिहार हैंडबॉल के महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा ने बताया कि बिहार टीम का लगातार प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने से खिलाड़ी बेहतर तकनीक का इस्तेमाल मैच में कर सफलता हासिल कर रहे है। जानकारी हो कि बेगुसराय के उड़ान इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित



इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सूबे के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रीतपाल सिंह सलूजा के साथ किया। मौके पर एचएफआई टेक्निकल कमिटी के चेयरमैन रामाशंकर शर्मा , कार्यालय अधीक्षक महेश हुड्डा के अलावे बिहार हैंडबॉल एवम आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। बिहार टीम के सेमीफाइनल में पहुंच पहली बार पदक के करीब पहुंचने पर पूरी टीम को बिहार हैंडबॉल के चेयरमैन विधानपर्षद इंजिनियर सच्चिदानंद राय , अध्यक्ष पंकज कुमार , महासचिव ब्रजकिशोर शर्मा , कोषाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद, संयुक्त सचिव संजय कुमार सिंह , आलोक कुमार , उपाध्यक्ष गोपाल जी , आयोजन अध्यक्ष डा धीरज शांडिल्य , बेगुसराय हैंडबॉल सचिव मुखिया महंत प्रणव भारती , सुनील कुमार सौरव सिप्पी , प्रशांत कुमार , सुमित कुमार , डा बलवंत , संजीव सिंह सहित अन्य फाइनल खेलने की शुभकामना देते हुए बधाई दी । बिहार हैंडबॉल संघ के साथ आयोजन समिति के सदस्य बेहतर आयोजन को लेकर लगे हुए है। दूधिया फ्लड लाइट की रोशनी में देर रात तक मैच का आनंद बेगुसराय के हजारों दर्शक ले रहे है।

# मुद्दों के साथ रहेगा सारण विकास मंच : शैलेंद्र प्रताप सिंह

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** सारण विकास मंच द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को तरैया में प्रेस कांफ्रेंस की गई। इस दौरान सारण विकास मंच के संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि चुनाव के साथ ही आज सारण में तमाम राजनेता सक्रिय हो गए हैं जबकि चुनाव के पहले सारण के विकास में किसी की सक्रियता नहीं थी। सारण की विरासत को आगे बढ़ाने की चिंता किसी जनप्रतिनिधि ने राष्ट्रीय स्तर पर नहीं की। सारण की भाषा भोजपुरी है। यह सारण ही नहीं चंपारण, शाहाबाद से लेकर बड़े क्षेत्र की भाषा है। लेकिन जनभावना का सम्मान करते हुए किसी भी जनप्रतिनिधि ने भोजपुरी को अष्टम अनुसूची में ले जाने का प्रयास नहीं किया है। साथ ही सारण के दूरदर्शी विकास में भी किसी ने अपनी सक्रियता नहीं दिखाई है। इसलिए सारण विकास मंच ने तय किया है कि हम मुद्दों के आधार पर ही लोकसभा चुनाव 2024 में उम्मीदवार को समर्थन देंगे।उन्होंने आगें कहा कि सारण विकास मंच का एक ही मकसद है कि सारण का विकास हो, सारण की विरासत को तवज्जो मिले, सारण के युवाओं को रोजगार मिले और सारण बिहार के साथ देश के विकास में अपनी भूमिका निभा सके। इसके लिए जरुरी है कि सारण का प्रतिनिधित्व ऐसे जनप्रतिनिधि करें, जो सारण के विकास में कार्य करें। चुनाव के समय सारण का नाम जपने और शुरू करने वाले नेताओं से सारण की जनता त्रस्त हो चुकी है और अब आगे ऐसे नेताओं को सबक सिखाना है।

सारण के मढ़ौरा में बंद पड़ी चीनी मिल का मुद्दा उठाते हुए शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह बंद मिल तमाम जनप्रतिनिधियों की नाकामी का आइना है। अभी चुनाव आया है तो अचानक तमाम नेता इसकी बात कर रहे हैं। लेकिन हकीकत यह है कि सांसद हों या मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री, इस पर बस बात चुनाव में करते हैं, आश्वासन देते रहे हैं, कार्रवाई किसी ने नहीं की। यही नहीं सारण के



विकास के लिए परियोजनाओं की मंजूरी में भी भेदभाव किया जाता रहा है। राज्य सरकार का ध्यान पूरी तरह पटना के अलावा सिर्फ नालंदा तक सीमित है। तमाम बड़े प्रोजेक्ट्स पटना और नालंदा में शुरू हुए। जबकि पटना से सटे सारण को कोई सुविधा नहीं मिली। श्री सिंह ने कहा कि सारण की जनता का अब एक ही नारा है और वो यह है कि जो सारण के विकास की बात करेगा, हम उसी का साथ देंगे। सारण विकास मंच सारण की जनता के इस भावना के साथ आखिरी दम तक खड़ा रहेगा, चाहे वो लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव।



## रोहणी आचार्या ने अमनौर पहुंचीं, उत्साहित कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** सारण लोक सभा चुनाव को लेकर राजद उम्मीदवार राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य अपने जन सम्पर्क यात्रा के दौरान बुधवार को पहली बार अमनौर पहुँची.जहां उन्हें देखने के लिए राजद कार्यकर्ताओ व समर्थकों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी.उत्साहित कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ पुष्प वर्षा कर उनका भब्य स्वागत किया. रोहिणी आचार्य ने अमनौर पहुचते वैष्णो देवी गुफा मंदिर में माता वैष्णो देवी का दर्शन किया जबकि बस स्टैंड स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर के आदमकद प्रतिमा पर मालार्पण कर उन्हें नमन किया.इधर रोहिणी आचार्य के एक झलक पाने व सेल्फी के लिए युवा काफी बेताब रहे. वहीं रोहिणी आचार्य ने भी हाथ जोड़कर सबका अभिवादन कर रही थी.इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लालु- राबड़ी जिन्दावाद ,राष्ट्रीय जनता दल जिन्दाबाद, रोहिणी दीदी जिन्दावाद के नारे लगा रहे थे.इस मौके पर उप प्रमुख बिबेकानन्द राय, प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना चौहान, देवेंद्र शर्मा,जिला पार्षद आलोक राय ,पूर्व मुखिया बिजय कुमार बिधार्थी,राम प्रवेश महतो, मनीष राय, सोनु राय राकेश राय, पप्पु तिवारी, विकाश महतो, राजद नेता संतोष गुप्ता,लालबाबु राय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## यात्री किराया में वृद्धि से लोग परेशान, मनमाना भाड़ा वसूली को लेकर प्रशासन ने साध ली चुप्पी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** कोरोना महामारी के समय बसों में बढ़े यात्री किराया में कमी नहीं होने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिससे यात्रा कर रहे लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कोरोना महामारी के समय बस किराया के साथ-साथ माल ढुलाई का भी भाड़ा बढ़ गया जो घटने का नाम नहीं ले रहा है। मशरक के महावीर चौक पर ही वाहन पड़ाव है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बसें पटना, गोपालगंज, छपरा समेत विभिन्न शहरों के लिए खुलती है।

जहां से प्रखंड के बाजार व ग्रामीण इलाके के हजारों यात्री प्रतिदिन वाहनों में सफर करते हैं। लेकिन वाहनों का किराया में अप्रत्याशित वृद्धि होने से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। किराया को लेकर यात्रियों व वाहन संचालक के बीच नोंकझोक तो आम बात है। वाहन संचालक डीजल मूल्य वृद्धि की बात कहकर मनमानी तरीके से किराया वसूल कर रहे हैं। वहीं परिवहन विभाग द्वारा बस पड़ाव में किराया निर्धारण की सूची भी नहीं लगाई गई है। इसके कारण यात्रियों को किराया दर का पता नहीं चल पा रहा है। वहीं अधिकारियों द्वारा वाहन संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं किया जा रहा है। ऐसे में वाहन संचालकों की मनमौजी है। बस, टेंपो, टैक्सी या अन्य वाहनों के संचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे है। मांग के अनुरूप किराया नहीं देने पर अपशब्द बोलने से भी बाज नहीं आते।

## मोटरसाइकिल सवार ने एक किशोर को धक्का मार कर एक पैर तोड़ा

**सोनपुर।** नयागां -हाजीपुर मुख्य मार्ग पर एक मोटरसाइकिल सवार ने एक किशोर को धक्का मार दिया। घक्का लगने के बाद किशोर का पैर टूटा ।बुधवार को हुई इस घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गई। थोड़ी ही देर में वहां लोगों की काफी भीर इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही किशोर की मां वहां पहुंच गई। इसी बीच वहां मौजूद लोगों ने मोटरसाइकिल सवार को पकड़ लिया ।घायल किशोर नयागांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर के श्रीनाथ संतोष का पुत्र आदित्य श्रीनाथ है। मोटरसाइकिल सवार किशोर को अस्पताल ले गया इसके बाद वहां अस्पताल में भर्ती कराकर भाग निकला।

## संकट मोचन मंदिर सबलपुर में संत सम्मेलन का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सबलपुर स्थित संकटमोचन मंदिर ,तपोभूमि के प्रांगण में बिहार सांस्कृतिक विकास परिषद के सौजन्य और आयोजनकर्ता धर्म जागरण समन्वय के द्वारा आयोजित राष्ट्र रक्षा रुद्राक्ष महा यज्ञ 29 मार्च से चल रहा था उसकी समाप्ति बुधवार के शाम विशाल संत सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में आचार्य श्याम सुंदर जी महाराज के नेतृत्व में हजारो भक्तों ने रुद्राभिषेक किया । रुद्राक्ष से निर्मित शिव लिंग का रूद्राभिषेक में 56 भोग से शुरू हुआ। बुधवार के मुख्य यजमान गया के विधान पार्षद जीवन सिंह थे । रुद्राभिषेक में उपस्तिथ समस्त भक्तजनो को रुद्राक्ष की वेदी बनाकर पूजन शुरू कराया गया । भक्तों ने विभिन प्रकार के स्वनिर्मित ब्यनजनों ,वस्त्र और प्रसाद से 5 लाख 51 हजार रुद्राक्ष से बने शिवलिंग को भेंट किया। समाप्ति के बाद सभी भक्तों को रुद्राक्ष दिया गया और महा प्रसाद हजारो भक्तों को प्रदान किया गया । संत सम्मेलन में उपस्थित रहे जगतगुरु लक्ष्मनाचार्य ,मौनी बाबा,श्याम सुंदर मुनि उर्फ फलहारी बाबा , देवकीनंदन भारद्वाज, रमाशंकर शास्त्री, रामनरेश दास रहे । इस कार्यक्रम में संत महात्मा में राजेंद्र दास, सुरेश दास, राम जन्म दास, उमेश दास, विनोद दास,वीरेंद्र दास ,लक्ष्मण दास, परशुराम शरण शास्त्री ,रविंद्र मिश्रा, नंद कुमार बाबा,लाल बाबा सहित अन्य संत महात्मा रहे । इस कार्यक्रम में आरएसएस के क्षेत्र कार्यालय के प्रमुख देवेंद्र जी,प्रान्त प्रचार प्रमुख राजेश तिवारी, कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार सिंह,धर्म जागरण के प्रांत संयोजक डॉ अवधेश कुमार,आरोग्य भारती के जिला सह सचिव सुबोध कुमार,अरुण सिन्हा,भाजपा के आशुतोष कुमार,पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष विनोद सम्राट, यशवन्त कुमार,अभिषेक श्रीवास्तव,मिलन कुमार,उमेश कुमार,केदार राय, विनोद राय,अजित कुमार,राहुल , रविदास जी,इंद्रपाल जी,पशुराम जी,राजेश कुमार,प्रवीण कुमार,अजित कुमार,अनिल कुमार,संजीत कुमार,लालबाबू पटेल ,श्याम बाबू,संतोष कुमार,योगेंद्र उपाध्याय, आदि सैकड़ों संत और कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## अभाविप ने जे पी एम कॉलेज के छात्राओं के लिए छात्रावास की उठाई मांग, प्राचार्या को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** बुधवार को अखिल भारतीय विधार्थी परिषद जयप्रकाश महिला कॉलेज के इकाई ने महिला छात्रावास निर्माण कराने को लेकर प्राचार्या को मांग पत्र दिया ।उपर्युक्त विषय के आलोक में कॉलेज अध्यक्ष नेहा दूबे ने कहा कि,जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए एक भी छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं है ,जबकि शिक्षा विभाग एवं महाविद्यालय और विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में उपस्थिति बढ़ाने के लिए 75% उपस्थिति अनिवार्य किया है, जिसका विद्यार्थी परिषद भी स्वागत करता है। रेगुलर क्लास करने में स्थानीय छात्राओं के लिए तो ज्यादा समस्या नहीं है ,परंतु दूर-दराज से आने वाली छात्राओं के लिए यह काफी विकट समस्या है। इस समस्या का समाधान करने के लिऐ छात्रावास का निर्माण जरूरी है ताकि छात्राओं को वर्ग उपस्थिति में सुविधा हो ,और 75% उपस्थित को बढ़ाया जा सके इसके लिए कॉलेज प्रशासन सकारात्मक पहल करते हुए महाविद्यालय के भूमि जो बस स्टैंड के समीप वर्षो से खाली पड़ी है अथवा महाविद्यालय अपने अनुकूल छात्राओं के लिए एक छात्रावास का निर्माण करें।



## चमकी बुखार पर सीएचसी मशरक में बैठक आयोजित, चलेगा जागरूकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में चमकी बुखार को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रभारी डॉ संजय कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन, बीसीएम लव कुश कुमार और स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहें। मौके पर प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि गर्मी बढ़ते ही चमकी बुखार का प्रकोप बढ़ जाता है इस बीमारी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में जागरूकता अभियान चलाने का दिशा-निर्देश जारी किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों में शरीर में ऐंठन, बुखार व शरीर के किसी अंग में चमकी दिखें तों उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए। उन्होंने मीडिया के माध्यम से बताया कि चमकी बुखार के प्रति जागरूकता अभियान पर विशेष ध्यान देना हैं बच्चों को चमकी बुखार के लिए माता-पिता को बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहना चाहिए और समय-समय पर स्वस्थ बच्चों को मौसमी फल, ओआरएस का घोल, नींबू पानी देते रहना चाहिए। साफ सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। छोटे बच्चों को मां का दूध देना जरुरी है। चमकी ( मस्तिष्क ) बुखार के लक्षण दिखाई देने पर बच्चों के माता-पिता को तत्काल जांच व जांच के बाद आवश्यक उपचार करवाना चाहिए।

## अपने समस्त कर्म श्रीकृष्ण जी को समर्पित कर दें: गोविंद जी महाराज



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** इस घोर कलयुग में भगवान श्रीकृष्ण को सरलता से प्राप्त करने का एक मात्र उपाए हैं श्रीमद्भागवत कथा का सप्ताह श्रवण,जिसके द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी की अनन्य भक्ति प्राप्त होती है। उक्त बातें श्री कृष्ण प्रणामी धर्म श्री निजानंद सम्प्रदाय के संत श्री गोविंद जी महाराज ने भेल्दी के तकेया सूर्य मंदिर में आयोजित नौ दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन प्रवचन करते हुए कहीं।उन्होंने कहा कि कलयुग को कृष्ण युग भी कहा गया।सत्ययुग,त्रेतायुग, द्वापरयुग की अपेक्षा कलयुग में भगवान की प्राप्ति बहुत ही सरल हैं। इस युग मे ढाई अक्षर के कृष्ण नाम के द्वारा ही भगवान की प्राप्ति हो जाती हैं ।इसलिये अपने आत्मा के उद्धार के लिये मनुष्य मात्र को राजा परीक्षित के जैसा ही श्री कृष्ण जी की कथा श्रवण करे भागवत कथा ,के द्वारा श्री कृष्ण जी की लीलाओ का ध्यान करे ।श्रीकृष्णजी का तारतम महामन्त्र नाम की दीक्षा लेकर उन्ही का नाम जप करे ।मन,वचन,शरीर से श्री कृष्ण जी को प्राप्त करने के लिये प्रयत्न करें ।अपने समस्त कर्म श्री कृष्ण जी को समर्पित कर दें।क्योंकि योग यज्ञ तप दान व्रत आदि जितने कर्म है इन समस्त कर्मो की परिसमाप्ति श्री कृष्ण में ही होती हैं जिस मनुष्य ने अपनी सारी आयु में चित्त को एकाग्र कर श्रीमद्भागवत की कथा श्रवण नही किया उसको भगवान की प्राप्ति करना सम्भव नही है ।इस अवसर पर गोविंद जी महाराज ने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि कलयुग में श्राद्ध कर्म से मुक्ति सम्भव नहीं है ।मुक्ति के लिये श्रीमद्भागवत की सप्ताह कथा जरूरी है ।इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव,सचिव भरत सिंह ,मुंद्रिका यादव ,पूर्व प्रमुख जीतलाल राय ,समिति सदस्य वकील राय ,अमिरका राय वशिष्ठ बाबू आदि उपस्तिथ थे।

# बेटी पलक जैसी हो तो भगवान मुझे 15 और बेटियां दें : खेसारी

### विधायक श्रीकांत व पूर्व विधायक धूमल ने भी किया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** मैट्रिक परीक्षा के परिणाम में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर बिहार में तीसरा स्थान लानेवाली एकमा प्रखंड के रसूलपुर पंचायत अंतर्गत धानाडीह गांव की छात्रा पलक कुमारी को सम्मानित करने का सिलसिला जारी है।मंगलवार की देर रात भोजपुरी सुपर स्टार खेसारीलाल यादव ने अपने गांव की छात्रा पलक के घर पहुंच कर लैपटॉप भेंटकर सम्मानित किया, इस मौके पर बेटी बचाने और बेटी पढ़ाने के नाम पर खेसारीलाल ने कहा कि यदि पलक जैसी बेटी हो तो भगवान मुझे और 15 बेटियां दें। खेसारीलाल ने कहा कि अब ये मेरे गांव की हीं बेटी नहीं पुरे बिहार की बेटी है और अब इसके सपनों को पंख देने का काम इसका भाई खेसारीलाल करेगा। मजाकिया लहजे में खेसारीलाल ने कहा कि इस घर में मैनें तीन चार वर्षों तक दुध दिया है जिसमें पानी भी मिला होता था और कहीं न कहीं खेसारीलाल के दुध का अंश पलक में है, तभी मेरी तरह ये भी इतनी तेज है।

**पुराना लैपटॉप से सम्मानित करने पर खेसारीलाल हुए ट्रोलः** बिहार बोर्ड की थर्ड स्टेट टॉपर पलक को भेंटकर जिस लैपटॉप से खेसारीलाल यादव ने सम्मानित किया था वो लैपटॉप सेकेंड हैंड यानी पुराना था इस बात का खुलासा सम्मान के बाद खेसारीलाल के लौट जाने पर हुआ।डेल कंपनी के लैपटॉप पर अंकित रिपेयरिंग सेंटर का नः व तिथि निर्धारित होने के साथ स्क्रीन पर लगे दाग व धब्बों से इसका खुलासा होने के बाद पुराना लैपटॉप से सम्मानित करने की खबर सोशल साइट्स पर प्रसारित होने के बाद खेसारीलाल यादव को काफी ट्रोल होना पड़ा।इस संबंध में खेसारीलाल से संपर्क नहीं हो पाया पर उनके शागीर्दों ने अविलंब नया लैपटॉप उपलब्ध कराने की बात कही है, जिसे लेकर तरह तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं।

वहीं बुधवार को एकमा के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह व वर्तमान विधायक श्रीकांत यादव ने भी पलक को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया व नकद राशि देकर पुरस्कृत किया।इस मौके पर पलक ने बताया कि उसका सपना आईएएस अधिकारी बनने का है, वहीं विधायक श्रीकांत यादव व पूर्व विधायक धूमल सिंह ने पलक को उसकी आगे की शिक्षा-दीक्षा व आईएएस बनने की सपनों को पुरा करने के लिए भविष्य में हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।



## मांझी रेलपुल के समीप सरयू में दिखा घडियाल, ग्रामीणों में दहशत

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी रेलपुल के समीप स्थित बैरिया घाट पर सरयु नदी में एक बड़ा सा घड़ियाल के तैरते हुए देखे जाने के बाद नदी में स्नान करने वाले लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे नदी में स्नान करने पहुँचे लोगों ने नदी के बीचोबीच घड़ियाल को तैरते हुए देखा। पास में मौजूद कुछ युवकों ने नदी की धारा के विपरीत तैरते घड़ियाल का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घड़ियाल के नदी में विचरण लोगों ने जब शोर मचाया तो नदी में नहा रहे लोग भागकर बाहर आ गए। हालाँकि कुछ ही देर बाद कुछ दूर आगे बढ़कर घड़ियाल आंख से ओझल हो गया। नदी में तैर रहा घड़ियाल की लंबाई पन्द्रह से बीस फुट बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। घड़ियाल दिखाई देने के बाद नदी में स्नान करने वाले लोगों के साथ साथ मछुआरों के बीच डर एवम दहशत का माहौल है। स्थानीय प्रशासन ने भी लोगों को घड़ियाल से सावधान रहने की हिदायत दी है।

## बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे दो युवक सड़क पुल के नीचे नहर में गिरकर घायल

**मांझी (सारण)।** माँझी बनवार सड़क पर बुधवार को सन्यासी बाजार से बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे दो युवक सड़क पुल के नीचे नहर में गिरकर बुरी तरह घायल हो गए। बाद में राहगीरों ने दोनों घायलों को उठाकर माँझी सीएचसी पहुँचाया। हालाँकि प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों घायलों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में माँझी नगर पँचायत के चौबाह स्थान निवासी संतोष चौधरी उर्फ गब्बर तथा रंजय हाशमी शामिल हैं। घायलों के इलाज के दौरान माँझी सीएचसी पहुँचे दर्जनों लोगों ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर सड़क पुल की रेलिंग नही रहने के कारण आये दिन राहगीर गलतफहमी के कारण दुर्घटना का शिकार होते रहे हैं।

## चूल्हे की चिंगारी से लगी आग

**मांझी(सारण)।** मांझी प्रखण्ड चेफुल पंचायत के इमादपुर में बुधवार की देर शाम चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में इमादपुर निवासी अब्दुल हक अंसारी व हबीब अंसारी की दो झोपड़ीनुमा घर जलकर राख हो गया। आगलगी की घटना में नगदी सहित अनाज व कपड़ा भी जलकर राख हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

## बालू लदे ट्रक ने अपाची बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के महावीर चौक और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटना में दो महिला गंभीर रूप से घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। महावीर चौक पर बालू लदे ट्रक ने पल्सर बाइक में टक्कर मार दी जिसमें चरिहारा गांव निवासी केशव सिंह की 50 वर्षीय पत्नी रानी देवी घायल हो गयी जो बेटे के साथ बाजार करने आई थी और हनुमानगंज गांव में बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से बनियापुर थाना क्षेत्र के खाकी मठिया गांव निवासी ओम प्रकाश कुमार की 25 वर्षीय पत्नी जूली कुमारी घायल हो गयी। जो अपने नैहर गंगौली गांव आ रहीं थीं। घायल दोनों महिला का चिकित्सक डॉ राकेश रंजन ने प्राथमिक उपचार कर पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।

## नयागांव थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लेकर सारण एसपी के निर्देश पर नयागांव थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नैतृत्व में थाना में पदस्थापित पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों के साथ थाना क्षेत्र के शोभेपुर ,डुमरी बुजुर्ग ,कस्तूरीचक , बभनगामा,नयागांव बाजार सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च बुधवार को निकाला गया ।थानाध्यक्ष ने फ्लैग मार्च के दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त की जा रही है। भयमुक्त होकर मतदाता अपना बूथ पर पहुँच कर अपना मत देगे ।उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि गांवों में किसी भी तरह की अवैध गतिविधी दिखें तो इसकी तत्काल सूचना प्रशासन को दे । चुनाव आचार संहिता के पालन में सभी तत्पर रहें। चुनाव में शांति बनाएं रखनें में मदद मिलेगी। आगामी 20 मई को सारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में लोक सभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के मद्देनजर स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन सक्रिय हैं। चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों और पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप फ्लैग मार्च निकाला है। उन्होंने लोगों से भय मुक्त होकर मतदान में शामिल होने की अपील की।

## चार पीटीसी को एएसआई में पदोन्नति होने पर थानाध्यक्ष ने स्टार लगाकर दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाने में पदस्थापित 4 पीटीसी को एएसआई में पदोन्नति होने पर सोनपुर थानाध्यक्ष ने स्टार लगाकर बधाई दी । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने बुधवार को बताया कि विभागीय अधिकारी के निर्देश पर पीटीसी विनय कुमार, संतोष कुमार ,सहरसूर शर्मा, दिलीप कुमार दिवाकर को एएसआई के पद के रूप में प्रमोशन मिला है । थानाध्यक्ष व इंस्पेक्टर उज्जवल कुमार , सीआई सोनपुर के द्वार सभी पीटीसी कर्मियों को स्टार पहनाकर स्वागत किया तथा अपने काम के प्रति सजग रहने और सारी जिम्मेदारियों को समझा गया और ईमानदारी पूर्वक कार्य करने की नसीहत दी गयी।

## झोंपड़ीनुमा दो घरों में लगी आग

**मांझी(सारण)।** माँझी थाना क्षेत्र के बहोरन सिंह के टोला गाँव में बुधवार को झोंपड़ीनुमा दो घरों में लगी आग में हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आगलगी की उक्त घटना में तीन बकरियां भी झुलस गई जिनका उपचार चल रहा है। उक्त घटना में संतोष चौहान, सुनील चौहान तथा जगमोहन चौहान,का हजारों का सामान जल गया है। आगलगी की सूचना पाकर पहुँचे ग्रामीणों तथा उत्पाद विभाग के चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने नल जल के सहारे कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आगलगी में अनाज बर्तन चौकी खटिया तथा जलावन आदि जलकर खाक हो गया। बाद में सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँचे अग्निशमन वाहन ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। उधर प्रखण्ड के गढ़वा टोला।गोबरही। गांव में लगी आग में सुरेन्द्र सिंह के आठ कट्ठा खेत में खड़ा गेंहूँ का फसल जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने बोरिंग चलाकर आग पर काबू पा लिया। इधर माँझी के मेंहदीगंज में हरिनिवास गोस्वामी के घर के समीप लगी आग पर भी ग्रामीणों ने बोरिंग के पानी से काबू पा लिया।

## कुलपति फिर दिखे शिक्षक की भूमिका में

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** बुधवार को कुलपति प्रो॰परमेन्द्र कुमार बाजपेयी फिर स्नात्तकोत्तर विभाग पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्नात्तकोत्तर भौतिक विभाग के सत्र 2022-24 के छात्र -छात्राओं को क्वांटम फिजिक्स पढ़ाया।वे एक बार फिर शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने प्रथम वर्ष के छात्र -छात्राओं को क्वाइंटम फिजिक्स का पाठ पढ़ाया। कुलपति ने क्वांटम फिजिक्स की बेसिक जानकारी के साथ ही सरल तरीके से इस विषय के कई गूढ बातों को भी विद्यार्थियों को समझाया। स्नात्तकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने काफी मनोयोग से कुलपति के व्याख्यान को सुना और काफी खुश दिखे। विदित हो कि कुलपति ने कल भी जयप्रकाश विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग मे पढ़ते वक्त पुनः वर्ग लेने के लिए सहमति प्रदान किया है। कुलपति शीघ्र ही विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में रिसर्च मेथडोलोजी पर वर्ग लेने की भी सहमति दिया है जिसमें सभी विषय के शोध छात्र सम्मिलित हो सकेंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर महेंद्र सिंह अध्यक्ष स्नातकोत्तर भौतिक विज्ञान विभाग ,प्रोफेसर अच्युतानंद सिंह ,प्रोफेसर रबीन्द्र कुमार सिंह अध्यक्ष रसायन शास्त्र विभाग ,प्रोफेसर उदय अरविंद पूर्व डीन, मौजूद थे।

## सड़क पर नाला का पानी गिरने से राहगीर परेशान

**रघुनाथपुर (सिवान)** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य सड़क पर नाला का गंदा पानी बहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी से निकली बदबू के कारण लोगों को इस रास्ते से गुजरना मुश्किल हो गया है। इससे व्यवसायियों के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। इस रास्ते से गुजरने वाले पदाधिकारी भी यह समस्या देखते हुए मौन हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की, लेकिन इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। ज्ञात हो कि रमजान के महीने को ले काफी संख्या में लोग यहां खरीदारी करने आते हैं, वहीं इसी रास्ते से श्रद्धालु दुर्गा मंदिर पूजा अर्चना करने आते हैं। सभी को इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इससे निजात की मांग की है। इस संबंध में बीडीओ अशोक कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। इसके समाधान कराने का प्रयास शीघ्र ही किया जाएगा।

## मारपीट मामले में पांच के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** थाना क्षेत्र के नगवां निवासी महंगू राय की पत्नी रंजू देवी ने बुधवार को थाना में आवेदन देकर गांव के ही पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि रंजू देवी के आवेदन पर नगवां निवासी रामनाथ राय, टुनटुन राय, शैलेश राय सहित पांच लोगो के विरुद्ध प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## शराब बरामदगी का आरोपित गिरफ्तार

**आंदर (सिवान)** थाना की टीम ने मंगलवार की शाम पिपरा गांव में छापेमारी कर शराब बरामदगी मामले में फरार चल रहे आरोपित मुन्ना राम को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**महाराजगंज (सिवान)** ¬महाराजगंज थाना कांड संख्या 243/23 के धारा 304 (बी) के फरार अभियुक्त थाना क्षेत्र के हहवा निवासी नीरज कुमार राम को पुलिस ने मंगलवार की रात्रि गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत

**लकड़ी नवीगंज (सिवान)** ¬प्रखंड के पूर्व संकुल समन्वयक राकेश कुमार साह समेत अन्य शिक्षकों ने पटना हाई कोर्ट द्वारा सक्षमता परीक्षा से संबंधित फैसले का स्वागत करते हुए खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अब नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा नहीं देने के बावजूद भी सेवा में बने रहेंगे और प्रमोशन के हकदार होंगे। इस आदेश का अन्य लोगों ने भी न्याय संगत बताया है।

## शिक्षक को पत्नी शोक

**महाराजगंज (सिवान)** ¬अनुमंडल मुख्यालय के सिहौता बंगरा उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक बंगरा निवासी बलिराम सिंह की पत्नी शारदा देवी का निधन उनके आवास पर बुधवार को हो गया। उनके निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में विनीत परासर, देवेंद्र दिनकर, नीरज कुमार आदि शामिल थे।

## मुफस्सिल के छोटपुर में रुपये की लेनदेन के मामले में मारपीट,चार घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटपुर गांव में बुधवार की सुबह रुपये लेनदेन के मामले में दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान छोटपुर गांव निवासी शकुंतला देवी, मुन्नी देवी, मोनू कुमार व सुभाष कुमार के रूप में हुई। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व पड़ोसी के घर मांगलिक कार्यक्रम था उसमें उन्होंने बीस हजार रुपये उधार लिए थे, मांगने पर हमेशा टाल मटोल करते हैं। बुधवार की सुबह रुपये के लिए बोला गया तो गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसके लड़कों ने घर में घुस कर मारपीट कर घायल कर दिया।

## चार वारंटी गिरफ्तार, जेल

**सिसवन (सिवान)** ¬सिसवन थाना की टीम ने अलग-अलग गांवों में मंगलवार की रात छापेमारी कर चार वारंटियों को गिरफ्तार बुधवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में भीखपुर निवासी पाली रेयान, जुमान रेयान तथा ग्यासपुर निवासी सुग्रीव भगत और भगवान भगत शामिल हैं। वे सभी विभिन्न मामले में फरार चल रहे थे और इन लोगों पर कोर्ट से वारंट निर्गत था।

## नाबालिग ने तीसरी के छात्र के गर्दन में मारा चाकू...मौत

### बचाने गए बुजुर्ग को भी किया जख्मी, आपसी विवाद में हत्या की आशंका

**गोपालगंज,एजेन्सी।** गोपालगंज के ऊंचकागांव थाना क्षेत्र के जगन्नाथा गांव में दो नाबालिग आपस में उलझ गए, जिसके बाद एक नाबालिग ने दूसरे के गर्दन पर चाकू मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं बचाने पहुंचे एक बुजुर्ग के भी पीठ पर चाकू से हमला कर दिया, जिसे वह बुरी तरह जख्मी हो गया।

जिसके बाद स्थानीय लोगो ने उसे तत्काल इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जबकि पुलिस ने किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर मामले की जांच में जुट गई है।

**गर्दन में चाकू मारकर की हत्या :** मृतक की पहचान ऊंचकागांव थाना क्षेत्र के लिए जगरनाथा गांव निवासी विमल यादव के पुत्र विजय यादव( 10 ) के रूप में हुई है। जो तीसरी कक्षा का छात्र है। बताया जाता है की दोनों किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए थे। इसी बीच आरोप है, की एक नाबालिग ने दूसरे नाबालिग को चाकू से उसके गर्दन में वॉर कर दिया।

इस दौरान मृतक ने शोर मचाया तभी कुछ दूरी पर एक व्यक्ति जगरनाथ गांव निवासी परमेश्वर बैठा मौके पर पहुंचे। जहां नाबालिग ने उसके भी पीठ पर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया। जिससे वह भी जख्मी हो गया।

**जांच में जुटी पुलिस :** हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि एक नाबालिग बच्चे ने दूसरे नाबालिग को चाकू मार दिया है, जिससे उसकी मौत हो गई है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर उससे पूछताछ किया जा रहा है। अभी तक मामला स्पष्ट नहीं हुआ है की आखिर किस बात को लेकर इस वारदात को अंजाम दिया गया है।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान-

# फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### फाइलेरिया से बचाव एवं साफ- सफाई को लेकर सिफार और पीरामल स्वास्थ्य के अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी

**दैनिक खोज खबर छपरा।** वेक्टर जनित संक्रमण गंभीर रोगों में शामिल फाइलेरिया मरीजों को नियमित रूप से सफाई एवं आवश्यक उपचार की जरूरत होती है। इसके लिए उन्हें आवश्यक दवाओ के साथ- साथ संक्रमित अंग का विशेष रूप से ध्यान रखना पड़ता है। क्योंकि सही तरीके से ध्यान रखने पर फाइलेरिया संक्रमण को गंभीर होने से रोका जा सकता है। उक्त बातें सोनपुर के नया गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार ने एमएमडीपी कीट वितरण के दौरान फाइलेरिया मरीजों से कही। आगे उन्होंने यह भी कहा कि



फाइलेरिया मरीजों को फाइलेरिया से बचाव एवं साफ- सफाई को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अलावा सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सिफार) और पीरामल स्वास्थ्य के अधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को हाथी पांव वाले जगह को स्वच्छ पानी से अच्छी तरह से धोने की जरूरत पड़ती है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से मिलने वाली दवाओ को समय- समय पर सेवन करना पड़ता है। सोनपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पूनम कुमारी ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के सोनपुर प्रखंड अंतर्गत नया गांव स्थित एचडब्ल्यूसी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय सोनपुर प्रखंड में 1935 फाइलेरिया मरीजों की पहचान कराई गई है। वहीं स्थानीय चिकित्सक और कर्मियों के देखरेख में आयोजित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 20 फाइलेरिया रोगियों में से चार मरीजों के बीच रुग्णता प्रबंधन विकलांगता निवारण (एमएमडीपी) किट वितरण किया गया है। जिनमें फाइलेरिया रोगी सहायता समूह (पीएसजी) के 03 मरीज भी शामिल है। इस अवसर पर इस अवसर पर एपीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, जीएनएम नियति कुमारी, एएनएम रेणु कुमारी और नीतू कुमारी, सिफार के डीसी बिनोद कुमार श्रीवास्तव और बीसी रंजन कुमार, पीरामल स्वास्थ्य के बीसी विनय कुमार सिंह, डेटा ऑपरेटर सुमित कुमार पाण्डेय, बलराम चतुर्वेदी सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## नौतन में मारपीट के बाद घर पर फायरिंग, एक घायल

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव में मंगलवार की देर शाम कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर एक युवक को घायल कर दिया। इसके बाद घायल के घर पर फायरिंग कर दहशत फैला दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल की पहचान उक्त गांव निवासी सोनू कुमार राय के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में सोनू कुमार राय के आवेदन पर प्राथमिकी हुई है। सोनू ने अपने आवेदन में बताया कि मैं बाइक से नौतन जा रहा था। मैंने देखा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौतन पर लोगों की भीड़ लगी थी। मैं अपनी बाइक लगाकर अंदर गया तो मनीष सोनी, अभिषेक सोनी व विवेक कुमार मारपीट करने लगे और मेरे गले से चेन छीन ली। मैं किसी तरह से जान बचाकर वहां से भागा। घर आकर मैं अपने भाई के साथ इलाज करने अपनी कार बैठने जा रहा था, तभी सभी बाइक से आए और फायरिंग शुरू कर दी। इससे दो गोली गाड़ी पर लगी। जैसे ही हम दोनों भाई घर के अंदर भागे तो उनलोगों द्वारा घर पर भी फायरिंग की गई। पुलिस ने सीसी कैमरा के फुटेज की भी पड़ताल की है। चर्चा के अनुसार घायल युवक एक राजनीतिक पार्टी का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता बताया जाता है।

## लूट की योजना बना रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

- **01चोरी की बाइक, 01 लोडेड रिवॉल्वर, 08 गोली, 01 मैगजीन, 01 चाकू एवं 01 मोबाइल बरामद**

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव स्थित हाई स्कूल के मुख्य गेट के सामने लूट की योजना बनाते तीन बदमाशों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के पास से एक चोरी की बाइक, एक लोडेड रिवाल्वर, आठ गोली, एक मैगजीन, एक चाकू व एक मोबाइल को बरामद की है।



गिरफ्तार जीबी नगर थाना क्षेत्र के शंभोपुर गांव निवासी अमीर सुहैल, नूर मोहम्मद अली, रफी अहमद है। पुलिस ने तीनों से पूछताछ कर बुधवार को जेल भेज दिया। मामले में सराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश घटना करने के लिए एक जगह एकत्रित हुए हैं। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई तो अपराध का षड्यंत्र रचते हुए तीनों बदमाशों को कल्याणपुर गांव स्थित हाई स्कूल के मुख्य गेट के सामने से गिरफ्तार किया गया। ये तीनों किसी लूट की घटना को अंजाम देने वाले थे। तीनों के पास से हथियार, चोरी की बाइक सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में दो पर सराय थाना में हत्या की प्राथमिकी है। वहीं एक पर जीबी नगर थाना में प्राथमिकी है। तीनों की गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है।

# सिवान के अलग-अलग सड़क हादसे में सात लोग घायल, दो रेफर

**सिवान।** जिले में अलग अलग जगहों पर बुधवार को हुए सड़क हादसे में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहली घटना दरौली थाना क्षेत्र के बौना मोड़ की है। जहां दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तीनों की स्थिति गंभीर होने के कारण डाक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान दरौली निवासी राहुल कुमार, सुरेंद्र कुमार व निकेश राज़ के रूप में हुई।घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि घर से मैरवा बाइक से जा रहे थे, इसी दौरान सामने से तेज़ रफ़्तार में आ रही एक बाइक से टक्कर हो गई। घटना के बाद बाइक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इसमें दो युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण डाक्टरों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। दूसरी घटना मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा पेट्रोल पंप समीप की है। जहां सब्ज़ी से भरी पिकअप आटो में धक्का मार दिया। आटो में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान गुठनी निवासी आरती कुमारी, सुरभि व नरेश भगत के रूप में हुई। तीसरी घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमसिकड़ी मोड़ के समीप तेज़ रफ़्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में उसे इलाज के लिए भर्ती कराया। घायल की पहचान अमित कुमार के रूप में हुई।

## निर्माणाधीन नए थाना भवन के समीप लगी आग

**भगवानपुर हाट (सिवान)** निर्माणाधीन नए थाना भवन के समीप बुधवार को अचानक आग लगने से आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। आग नए भवन के समीप जंगली हिस्से में लगी थी। आग की लपट और आवाज सुन थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने अपने चौकीदारों को भेज आग को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू कराया। वहां चौकीदार पहुंच आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। वहीं आग की भयाहवता को देखते हुए इसकी सूचना बसंतपुर अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाई। थानाध्यक्ष ने कहा कि गर्मी के मौसम में अगलगी की घटना बढ़ जाती है। इस लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को भगवानपुर प्रखंड मुख्यालय में एक अग्निशमन गाड़ी की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि अगलगी की घटना होने पर आग पर जल्द नियंत्रण पाया जा सके।

## मारपीट में घायल दो पक्षों ने सदर अस्पताल में की मारपीट,चाकू से गोदा

**सिवान।** सदर अस्पताल में बुधवार की सुबह मारपीट करने के बाद जख्मी दो पक्षों के लोग इलाज कराने के दौरान आपस में भिड़ गए और मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक जख्मी व्यक्ति को चाकू मार कर घायल कर दिया। घटना के दौरान सदर अस्पताल रणक्षेत्र बना रहा और अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। स्थिति अनियंत्रित होता देख अस्पताल के कर्मियों ने घटना की सूचना नगर थाने को दी। सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष सुदर्शन राम सशस्त्र बल सहित सदर अस्पताल पहुंचे तथा मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। इसके बाद स्थिति नियंत्रित हुई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगर थाना क्षेत्र के दाहा नदी पुल के समीप स्थित टैक्सी स्टैंड में रुपये को लेकर दो व्यक्ति आपस में उलझ गए और बात चाकूबाजी व मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान एक पक्ष के महादेवा थाना क्षेत्र के बंगाली पकड़ी निवासी गुरुचरण शाह का पुत्र टिंकू कुमार शाह चाकू लगने से घायल हो गया जबकि महादेवा थाना क्षेत्र के हकाम निवासी मदन मांझी का पुत्र राजकुमार मांझी का पैर मारपीट में टूट गया। दोनों घायलों को दोनों पक्षों के लोग इलाज करने के लिए सदर अस्पताल लाए। अस्पताल में चिकित्सको ने घायलों को एक्स-रे कराने के लिए भेजा। जहां फिर एक बार दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू कर दी।घायल टिंकू कुमार साह ने बताया कि रुपये के विवाद को लेकर राजकुमार मांझी ने चाकू मार कर मुझे घायल कर दिया था। जब उपचार करने के लिए सदर अस्पताल आए तो उसने सदर अस्पताल में उपचार के दौरान पुन¬ चाकू मार कर जख्मी कर दिया। दोनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया गया।

## हाथों में मेहंदी लगाकर जीविका दीदियों चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**हुसैनगंज (सिवान)** प्रखंड के खानपुर खैरांटी पंचायत स्थित गगन जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ कार्यालय में अध्यक्ष रीना देवी एवं सचिव पुष्पा देवी के नेतृत्व में बुधवार को मतदाता जागरुकता अभियान के तहत रैली एवं परिचर्चा कर हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक अमित कुमार चौधरी ने जीविका महिला ग्राम संगठन के सदस्यों को वोट डालने के अधिकार एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही छठे चरण में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव को महा त्योहार के रूप में मनाने का संकल्प दिलाया। इसमें सभी सदस्य शत प्रतिशत मतदान हेतु पहले मतदान फिर जलपान, मेरा वोट मेरा अधिकार का नारा लगाते हुए लोगों का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय समन्वयक मिथिलेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक शशि कुमार, एमबीके नीतू कुमारी, जीविका मित्र पूनम, पिंकी कुमारी, प्रीति कुमारी, आशा देवी सहित करीब 40 जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

## सर्पदंश से घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

**सिवान** ¬ रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के गंभीरार गांव में एक अप्रैल को सर्पदंश से एक युवती घायल हो गई थी। उसका इलाज पटना में चल रहा था जिसकी इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। मृतका की पहचान उत्तर प्रदेश के बलिया सोनपुरवा निवासी सीताराम की पुत्री निशा कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि युवती रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के अपनी मौसी के घर आ रही थी तभी रास्ते में उसे सर्प ने दंश लिया। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विद्युत तार से निकली चिंगारी से हुई अगलगी में दो एकड़ में लगी गेहूं फसली

**रघुनाथपुर (सिवान)** ¬प्रखंड के फुलवरिया के दया छपरा यादव टोला में बुधवार की दोपहर विद्युत तार से निकली चिंगारी से आग लगने से करीब दो एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना के बाद गांव में अफरा- तफरी मच गई। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। बताया जाता है कि फुलवरिया के दया छपरा यादव टोला के ग्रामीण बुधवार की दोपहर फसल देखने खेत की ओर निकले थे तभी गेहूं की खेत से धुआं व आग की लपट दिखाई दी। ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया। अगलगी की घटना की जानकारी होते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच आग बुझाने में जुट गए। आग की भयावहता को देखते हुए ग्रामीणों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही कुछ देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंची और ग्रामीणों की मदद से कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत के लुंजपुंज तार तेज हवा में आपस में सटने व इससे चिंगारी निकलने से अगलगी की घटना हुई है। ग्रामीणों का कहना था कि यदि अग्निशमन विभाग की गाड़ी विलंब से पहुंचती तो आग भयावह रूप धारण कर लेती और कई किसानों की फसल को क्षति पहुंचाती। इस अगलगी में करीब दो एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। पीड़ितों में ठाकुर यादव, परशुराम यादव, रामायण यादव, सतन यादव, विश्वनाथ यादव शामिल हैं।

## शरारती तत्वों ने एक दर्जन छठ प्रतिमा तोड़ी,

**दारौंदा (सिवान)** थाना क्षेत्र के भीखाबांध शिव मंदिर के समीप करीब एक दर्जन छठ प्रतिमा ( सिरसोप्ता ) को मंगलवार की रात कुछ शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को बुधवार को हुई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच की। इस दौरान ग्रामीणों ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने कहा कि दोषियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।